भारत सरकार

संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 529

उत्तर देने की तारीख 16 सितम्बर, 2020

बीएसएनएल को हुई हानि

529. श्री जी.एम. सिद्देश्वरः

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान बीएसएनएल को लगातार हानि हुई है और सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) के दिशा-निर्देशों के अनुसार इसे प्रारंभिक अवस्था का रुग्ण घोषित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा बीएसएनएल के पुनरुद्धार/पुनर्गठन के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या बीएसएनएल अपने कर्मचारियों को वेतन का भुगतान का प्रबंध करने में असमर्थ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा बड़ी संख्या में बीएसएनएल के कर्मचारियों का संरक्षण करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

संचार, शिक्षा तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री

(श्री संजय धोत्रे)

(क) जी, हां। विगत तीन वर्षों के दौरान भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को लगातार हानि हुई है! सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) के दिशा-निर्देशों के अनुसार वर्ष 2017 में बीएसएनएल को प्रारंभिक रूप से रुग्ण घोषित कर दिया गया है।

(ख) विगत तीन वर्षों में बीएसएनएल को हुए नुकसान का विवरण निम्नानुसार है:-

(रुपए करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	2017-18	2018-19	2019-20
बीएसएनएल को होने वाला लाभ/(हानि)	(7,993)	(14,904)	(15,500)

जारी पृ.सं...2

सरकार ने दिनांक 23.10.2019 को बीएसएनएल की पुनरूद्धार योजना को मंजूरी दी थी। इस पुनरूद्धार योजना में अन्य बातों के साथ-साथ 50 वर्ष या उससे अधिक आयु के कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्कीम (वीआरएस) के माध्यम से कर्मचारी लागत में कमी करने, 4जी सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम का प्रशासनिक आबंटन करने, सरकारी गारंटी बांड द्वारा ऋण का पुन:निर्धारण करने और सेवा ऋण हेतु परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण, कैपेक्स और अन्य आवश्यकताएं शामिल हैं।

(ग) बीएसएनएल ने सूचित किया है कि उसने जुलाई 2020 तक का वेतन दे दिया है।

(घ) बीएसएनएल का यह बदलाव, उसके कर्मचारियों के कल्याण और भावी संभावनाओं को सुनिश्चित करेगा।

*****